तारीख हुक्म	ओमप्रकाश विश्नोई बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बाप) सू.अ.अपील संख्या 206/2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28.07.22	अपीलार्थी ओमप्रकाश विश्नोई निवासी ग्राम पोस्ट केलनसर, वाया आउ, जिला जोधपुर (राज.) ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 22.12.2021 में उसके द्वारा (1) चनानी/रामचन्द ग्राम पोस्ट केलनसर, तहसील बाप, जिला जोधपुर द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के तहत दिनांक 04.11.2019 को रजि. नम्बर आरजे 259510392 एंव आधार नम्बर 2766 9327 0999 द्वारा किए गए आवेदन की वर्तमान स्थिति (2) अन्य बिन्दूओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बाप) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, बाप) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, बाप) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बाप) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	